Bareilly, Thursday,
27 March 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO: 04 BOTTOM

# एसआरएमएस सीईटी में तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 कल से

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (26 March):** श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 27 मार्च से आरंभ हो रहा है. कॉलेज के इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से टेक एज सेल द्वारा आयोजित हैकाथॉन 3.0 का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के लिए नवाचार और तकनीकी समाधानों को बढ़ावा देना है. यह प्रतिभाशाली विद्यार्थी आपदाओं को कम करने के लिए टिकाऊ और परिपत्र समाधान विकसित करने का मंच है. यह जानकारी श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) के प्रिंसिपल, प्रेसिडेंट आईआईसी एवं हैकाथॉन 3.0 के इवेंट डायरेक्टर डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने दी. अब तक इसमें शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना राज्य के विभिन्न कॉलेजों के 157 प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं. यह सभी 43 टीमों के रूप में एसआरएमएस सीईटी पहुंच रहे हैं.यह प्रतिभागी 27 मार्च से आरंभ होने वाले तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 में हिस्सा लेंगे. तकनीकी एवं समस्या-समाधान कौशल से प्रौद्योगिकी का उपयोग करके आपदा प्रबंधन के लिए अभिनव दृष्टिकोण विकसित करने के लिए सहयोग करेंगे। हैकाथॉन 3.0 में विजेता को एक लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार मिलेगा. 27 मार्च को सुबह विशेषज्ञों की चर्चा के सुबह 9:30 बजे से हैकाथॉन 3.0 आरंभ होगा. करीब एक घंटे की चर्चा में टीमों के सदस्य उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और नवप्रवर्तकों सहित निर्णायकों के पैनल के समक्ष परियोजनाएं प्रस्तुत करेंगे. पूर्वाह्न 11 बजे प्रोटोटाइप डेवलपमेंट के साथ हैकाथॉन 3.0 आरंभ होगा. टीमें प्रस्तावित समाधानों के लिए प्रोटोटाइप और मॉडल बनाने के लिए तीन दिन काम करेंगी. हैकाथॉन 3.0 का इनॉग्रेशन गुरुवार को 11:30 बजे होगा, इसमें प्रौद्योगिकी, नवाचार और आपदा प्रबंधन के क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वक्ता संबोधित करेंगे.

